फा.सं.12016/06/2026-रा.भा.(का.-2)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग

एनडीसीसी-2 भवन, बी-विंग, चौथा तल
जयसिंह रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 16 जून, 2026

<u>कार्यालय ज्ञापन</u>

राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय अपने संवैधानिक दायित्वों के अन्तर्गत केंद्रीय सरकार के कार्यालयों/विभागों/उपक्रमों/बैंकों आदि में राजभाषा हिंदी के प्रसार और प्रभावी कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा दिनांक 14 एवं 15 सितंबर, 2026 को मुंबई (महाराष्ट्र) में हिंदी दिवस एवं छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का संयुक्त आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का आयोजन स्थल **सिडको एग्जीबिशन सेंटर, नवी मुंबई, महाराष्ट्र** है।

2. माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की अध्यक्षता में होने वाले हिंदी दिवस एवं छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग की स्थिति और बेहतर करने के बारे में चर्चा की जाएगी। अतः केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों/विभागों/अधीनस्थ कार्यालयों/उपक्रमों/बैंकों/नराकास(अध्यक्ष) आदि से अपेक्षा है कि वे इस सम्मेलन में अधिकाधिक संख्या में प्रतिभागी भेजकर आयोजन को सफल बनाएं। साथ ही देश भर के सभी केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपति व हिंदी से जुड़े प्रोफेसर भी सम्मेलन में सहभागिता कर सकते हैं।

3. इस सम्मेलन में प्रतिभागियों के टी.ए./डी.ए. का वहन संबंधित मंत्रालय/कार्यालय/संगठन द्वारा सरकारी नियमानुसार किया जाएगा। प्रतिभागियों को अपने ठहरने की व्यवस्था भी स्वयं करनी होगी।

4. उक्त सम्मेलन में राजभाषा से जुड़े सभी कार्मिकों और राजभाषा का काम देख रहे अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाए।

5. सम्मेलन में प्रतिभागिता हेतु अपना पंजीकरण (निःशुल्क) राजभाषा विभाग की वेबसाइट <u>rajbhasha.gov.in</u> पर दिए गए लिंक <u>https://164.100.54.224/hds2026/</u> से करना आवश्यक है।

16/06/26

(राजेश श्रीवास्तव)
संयुक्त निदेशक(नीति)
दूरभाष: 23438129

सेवा में,

1. **भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग/बैंक/उपक्रम/नराकास/स्वायत्त संस्थान/संवैधानिक निकाय/केन्द्रीय विश्वविद्यालय आदि।**